Since 23-9-58 until writing this report on 20-6-59, he is keeping perfectly well without any complaint whatsoever. Had he given up Bhang and lived a little regular life with restricted diets, we believe he could be cured much earlier of all symptoms with Natrum Mur alone. Because the curative

process started well with the first dose of Nat. Mur 200, and steady & spontaneous cure was effected with gradually ascending potencies of Nat. Mur and Arg. Nit. Some other lesser medicines had to be given for intermittent acute ailments. We have reproduced the whole care as it is from his case book.

—*Dr. Tara Singh Chohan*

Gram : **"HOMOSEVA"** *Phone* : **22-4731**

FOR QUALITY AND SERVICE

You can count on

ECONOMIC HOMŒO PHARMACY

Sole Prop. Dr. Sukumar Roy

Homœopathic Pharmaceutists, Importers and Publishers.

Leading manufacturers in India, for all sorts of Homœopathic and Biochemic Medicines, Globules, Rect. Spirit, Patent Medicines, Stockists of Messrs Bœricke and Tafel (America), Dr. Madaus & Co. (Germany) and Dr. Willmar Schwabe (Germany)

AND

Recognised Suppliers to various Municipalities, Government and District Board Charitable Hospitals, Dispensaries and Private enterprises in India and abroad

Head Office :
89, Netaji Subhas Road,
CALCUTTA-1

Bonded Laboratory :
197-A, Kasba Road,
CALCUTTA-31

For....

- **AIR COMPRESSORS**
- **SPRAY PAINTING EQUIPMENTS**
- **CAR WASHERS**
- **VACUUM PUMPS**
- **GARAGE EQUIPMENTS**

DIDWANIA BROTHERS (Private) LIMITED

KASHMERE GATE

DELHI-6.

Factory : ... **33, OKHLA INDUSTRIAL ESTATE, NEW DELHI.**

Phones : ... OFFICE **23818**, FACTORY : **35833**

Telegraphic Address : **DIDWANIA, DELHI.**

हिन्दी विभाग-

दी टार्च आफ होमियोपैथी

अक्टूबर १९५९

सम्पादकीय

होमियोपेथी के विषय में कुछ लोगों का यह मत है कि होमियोपेथी का प्रचार व प्रसार बढ़ रहा है। दूसरी ओर कुछ महानुभावों का मत है कि होमियोपेथी अपनी अन्तिम सीढ़ी पर आरही है। जैसा कि श्री चड्ढा के शब्दों से स्पष्ट है, जो उन्होंने AIHMA के वार्षिक अधिवेशन में (जो कानपुर में २० व २१ जून को हुआ था) कहे थे "होमियोपेथी के हेतु हमें प्रयास करते रहना है, वस्तुतः एक आन्दोलन के रूप में अन्यथा होमियोपेथी २० वर्ष में समाप्त हो जावेगी और जो ज्योति आज जलाई है उस ज्योति को लेकर हमें ढूंडना पड़ेगा कि होमियोपेथी कहीं है या नहीं।" श्री चड्ढा के इन शब्दों में कितना सार है यह तो पाठकों को ही देखना समझना है, परन्तु यह एक सत्य है कि कानपुर अधिवेशन जैसा होना चाहिए था वैसा नहीं था। जो प्रस्ताव वहां पारित हुए वह कोई ठोस प्रस्ताव नहीं थे, और न उनका कोई महत्व ही है।

कानपुर अधिवेशन की जो कुछ भी सफलता हुई वह केवल मात्र स्वागत समिति के अध्यक्ष सर्वश्री डा. निगम, डा. शुक्ला, डा. सिन्हा, डा. लक्ष्मीकान्त, डा. प्रकाश, डा. सारा-भाई, डा. सक्सेना व अन्य कुछ महानुभावों के अकथनीय परिश्रम का फल ही था अन्यथा जिस प्रकार अधिवेशन का संचालन हुआ वह एक भारी असफलता व AIHMA जैसी पुरानी व अखिल भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली कही जाने वाली संस्था के लिए एक भारी असफलता का प्रमाण है। जिस संस्था का संचालन किसी और ओर से हो रहा हो उसमें डा. आर. पी. मिश्रा जैसे सज्जन व समाज सेवी का आजाना केवल इसी बात का प्रतीक है उक्त कि संस्था श्री आर. पी. मिश्रा की आड़ लेकर कुछ काल और चलती रहे।

एक महानुभाव ने अपने भाषण में कहा कि होमियोपेथी-विज्ञान में कमियां हैं जैसे एलोपेथी में हैं। इसलिए हमें एलोपेथी के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए। उक्त भाषण एक ऊंची चोटी के होमियोपेथ द्वारा भाषित होना इस बात का द्योतक है कि वास्तव में भारत में यदि होमियोपेथी का अवसान हुआ (जो असम्भव है) तो वह ऐसे ही महानुभावों व उनके द्वारा संचालित संस्थायों के कारण ही होगा।

पाठकों की जानकारी के हेतु कहना आवश्यक है कि "होमियोपेथी अपने आप में पूर्ण व विश्वसनीय विज्ञान है। होमियोपेथिक Materia Medica में एलोपेथी, आयुर्वेद व यूनानी तीनों से अधिक दवाएं हैं। उनका जांच (investigation व proving) वैज्ञानिक रीति से हुआ है। इन दवाओं की खोज व प्रयोगात्मक जांच के समय हजारों लक्षण प्रकट हुए हैं और उनका अपार संग्रह होमियोपेथिक पुस्तकों में है। जिनका सही प्रयोग कर होमियोचिकित्सक लाभान्वित हो सकते हैं।"

होमियोपेथी के विज्ञान को अपूर्ण बताकर अपनी अज्ञानता को प्रकट करना है इससे विज्ञान की कोई हानि नहीं होती। होमियो विज्ञान पूर्ण है व वैज्ञानिक सत्य है। यह अनेकानेक बार सिद्ध हो चुका है और होता रहेगा। —कृष्णचरण

साईजिजियम जेम्बोलेनम

(Syzygium Jambolanum)

जामुन इसको कहते हैं, बसन्त में यह फलता है।
हर जगह भारत में होता, ग्रीष्म में यह पकता है॥
बार बार पेशाब लगना, प्यास उतनी ही लगती है।
पेशाब साफ होता–लेकिन, चीनी मिली रहती है॥
धातु की कमजोरी और, बहुमूत्र का शिकार है।
सीजिजियम जरूर देवो, ना इसकी इन्कार है॥
एक छ तीस की, ताकत इसकी लेना है।
गरम चीजें खानी ना, ठंढी चीजें देना है॥
बुखार अगर साथ हो, छत के ऊपर सोवे ना।
विश्राम करना जरूरी है, काम ऊपर जावे ना॥

डा. मोहनलाल शर्मा (अजमेर)

Read and Subscribe—

JOURNAL OF HOMŒOPATHIC MEDICINE

13-A, Station Road, Santa Cruz (West)

BOMBAY-23

Single Copy Rs. 1/- **Annual Rs. 3/-**

This is the only quarterly Journal published in India under the supervision of an Editorial Board of 22 eminent Homœopathic Physicians joined together from all over the world.

आर्णिका मन्ट (Arnica Mont.)

चोट लगे, थकान होवे, चोट लगने का सा दर्द होवे।
स्पर्श से आघात का भय, आर्णिका तुरन्त खोवे॥

गिरने पड़ने से चोट लगे, आघात से प्रहार से।
हड्डी टूटे, खून गिरे, बाहरी भीतरी जखम से॥

मास चमड़ी पर नीले निशान, बेहोस हो चोट से।
आघात की कोई भी पीडा, आराम हो आर्णिका से॥

सिम्फाइटम, बेलिस और रुटा तथा रसटक्स भी।
आर्णिका का साथी होवे, सहायक हो कभी कभी॥

आघात के अतिरिक्त भी, आर्णिका बहुत काम आती,
कब्ज की शिकायत हो, मल से कोठा भरा हो,
अथवा मूत्र रोध हो, आंव रक्त के दस्त हो,
आर्णिका के कुशल प्रयोग से, यह पीड़ा सब मिट जाती॥

सन्निपात के विकार में, बेहोंशी में सोया हो,
प्रश्न का जवाब देकर, फिर गफलती में खोया हो,
ऊपर अंग गरम और, निम्न अंग शीतल हो,
बच्चों के हाथ दोनों, बरफ जैसे ठंडे हो॥

नरम बिछौना भी कड़ा लगे, हिलने डोलने से दर्द हो।
चोट की इतिहास में, चोटका सा दर्दमें आर्णिका अवश्य दो॥

टायफायड के विकार में, रोगी कहे "मुझे कोई पीड़ा नहीं"।
घोर पीड़ा की अचेतनता में, आर्णिका दवा सही॥

—चन्द्र प्रकाश

PRAKASH HOMOEOPATHIC CHRITABLE DISPENSARY & LIBRARY (1951)

AFFILIATED TO AND RECOGNISED BY THE RAJASTHAN HOMOEOPATHY ASSOCIATION (REGD.))

Founder & Consulting Physican :

Dr. CHANDRA PRAKASH

Dispensary hours - 8 a. m. to 9 a. m. **New Colony.**
5 p. m. to 7 a. m. **JAIPUR**

Poor patients are invited to derive benefit of free Homoeopathic treatment from the Charitable Dispensary.

Well-to-do patients are also invited to derive the benefit of Homoeopathic treatment and to contribute towards the cost of the medicines, so that more and more poor patients can be served, with free medicines,

Interested students are also invited to take advantage of the free reading room of the library and practical training at the clinic.

Physician in-charge : **Dr. T.S. CHOHAN.**

Manager : **K. CHARAN.**

Space donated by :—**Jaipur Printers, Jaipur.**

मन्दाग्नि, अजीर्ण आदि पेट की पीड़ायें

डा० चन्द्रप्रकाश, न्यू कालोनी, जयपुर

पिछली संख्या में मैंने आपको विभिन्न रोगों की विभिन्न अवस्था में होमियोपैथिक चिकित्सा विवरण अलग अलग अध्याय के रूप में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया था। अतः यह समस्या होगई कि कहाँ से प्रारम्भ किया जाय—ज्वर, सर्दी, जुकाम, खाँसी, पेट दर्द, सिर दर्द, दमा इत्यादि कौनसा विषय प्रथम लिया जाय। मैं इस विषय पर विचार रहा था कि मेरे एक मित्र पधारे। उनको मैंने अपनी समस्या बताई तो उन्होंने उसे उसी क्षण हल कर दिया और बताया कि मन्दाग्नि, अनपच आदि पेट के रोग ही आजकल सर्व व्यापक है और यह रोग सामान्य रूप से बढ़ते बढ़ते कितने ही उलझे रोगों का कारण बन जाते हैं। उपयुक्त उपचार व सुचारू चिकित्सा के अभाव में, ऊपरी चिकित्सा की जाती है, जैसे चूर्ण की फाँकी, अमृतधारा, Carminative Mixture, सोडा खाना, सोडा पीना, Sodamint की गोलियाँ खाना आदि आदि, जो कि सामयिक रूप से केवल कुछ लक्षणों को दबा देती है परन्तु पाकाशय की दुर्बलता को दूर नहीं करती। कुछ रोगों के दबाने के कारण, व कुछ उग्र औषधियों की अपनी उग्रता के कारण, रोग क्रमशः क्रोनिक डिसपैपसिया में परिवर्तित होकर रोगी को जीवन का सामान्य सुख, यानि रुचि से खाने पीने से भी वंचित कर देता है तथा सिर दर्द, संग्रहणी, रक्तक्षीणता, दुर्बलता आदि अन्य रोगों का शिकार बना देता है, जो कि क्रमशः यक्ष्मा या क्षय रोग भी बना देता है।

अतः हमने भी इसी पीड़ा की होमियोपैथिक चिकित्सा की विवेचन करना उचित समझा।

अजीर्ण नाना कारणों से हो सकता है तथा इसके लक्षण भी नाना प्रकार के होते हैं। होमियोपैथिक विज्ञान भी सूक्ष्म पर्यवेक्षण पर आधारित है और प्रत्येक सूक्ष्म कारण तथा सूक्ष्म लक्षण के अनुसार औषधि प्रयोग की जाती है। हम यहाँ केवल संक्षिप्त रूप में कुछ ऐसी होमियोपैथिक औषधियों का उल्लेख करेंगे जो कि सचराचर काम में आती है। इसके अतिरिक्त हम पाठकों से यह आग्रह करेंगे कि वे प्रमाणिक होमियोपैथिक पुस्तकों में इनका विशेष अध्ययन करें।

नक्स वामिका (Nux Vomica) ६,३०—

रात्रि जागरण, मद्य या मांसादि सेवन, दिन रात बैठे बैठे पढ़ने लिखने का काम करने के कारण, अथवा कोष्टवद्धता के कारण रोग होवे तो, कुछ दिन सांयकाल इसकी एक या दो खुराक खाने से लाभ होता है और अनेक बलायें टल जाती हैं।

पलसेटिला (Pulsatilla) ६,३०—

पक्का, घी, चर्बी, मसालेदार, खाने के कारण छाती में जलन, जी मिचलाना, दस्तें लगना, प्यास कम। अधिक कुइनाइन व टानिक आदि के कारण अजीर्ण।

आर्निका मान्ट (Arnica Mont) ३,६,३०—

पेट पर चोट लगने के कारण, ज्यादा थकान के कारण, अथवा भारी वस्तु उठाने के कारण, अनपच होने पर अथवा पेट दर्द होने पर यह लाभदायक होती है।

इपिकाक (Ipecac) ६,३०—

अनपच के कारण जी मिचलाना, उल्टी आना, उबासी आना।

लाइकोपोडियम (Lycopodium) ३०,२००—

पेट पर आफरा, सन्ध्या को ४ से ८ बजे तक पीड़ा का विशेष जोर, पेट में वायु होकर बेचैनी, केवल मलद्वार से वायु निकले, डकार कम आवे, भूख लगे परन्तु दो चार ग्रास खाते ही पेट भर जाय। इसकी दो खुराक दो दिन तक केवल सुबह के वक्त लेने से ही लाभ हो जाता है। रोग पुराना होने से सप्ताह या १० दिन पर १ या दो मात्रा लेते रहने से लाभ होता है।

कार्बो वेज (Carbo Veg) ६,३०—

भूख आदि लगे, पक्के खाने से अरुचि, मांस आदि से घृणा, दूध भी नहीं पचे, पेट में वायु अधिक बने, खट्टी डकारें आवे। वायु का जोर ऊर्द्धगामी। (Lyco वायु का जोर निम्नगामी) पेट में आफरे के कारण श्वास लेने में कठिनाई होवे। डकार आने पर कुछ शान्ति का बोध होवे। बासी खाना खाने के कारण पेट अव्यवस्थित हो जावे।

चायना (China) ६,३०—

कच्चे अथवा पके फल खाने से, अनपच का दस्त, पेट में आफरे से बैचेनी। डकार आने पर या वायु निकलने पर भी शान्ति नहीं हो।

कैमोमिला (Chamomila) ६,१२,३०—

क्रोध के समय खाने से अनपच अथवा पेट दर्द। क्रोधित माता के स्तनपान से बच्चों के नाना प्रकार की पीड़ा। कटहल खाने के कारण अजीर्ण या दस्त।

आर्सेनिक अल्ब (Arsenic Alb) ३०—

बासी भोजन करना, फल खाना, ज्यादा बरफ या आइसक्रीम आदि खाने के कारण अनपच हो जाय, पेट में तथा छाती में जलन, बारम्बार थोड़ा थोड़ा पानी पीने की प्यास, बैचेनी, सिर दर्द, दुर्बलता का बोध होवे। दूषित गैस के कारण नाना प्रकार की पीड़ा।

ब्रायोनिया (Bryonia) ३०—

कब्जी, सूखा सख्त मल। पानी के अलावा सभी चीज कड़वी लगे। मुँह का स्वाद कड़वा, पित्त, क्रोधी, कड़वी उल्टी, अधिक गरमी या बरसात की हुमस के कारण अजीर्ण, सिर दर्द, लिवर के स्थान में दर्द।

क्रियोजोट (Kreosote) १२,३०—

काले, दुबले-पतले आदमी के पुराना अजीर्ण, दाँत खराब, खाने के ३–४ घंटे बाद उल्टी, पेट में तथा छाती में जलन।

एविज नाइग्रा (Abies Nigra) ३,६,३०—

खाते खाते ही पेट में दर्द, कब्जी, छाती में जलन, जलनदार डकार, ऐसा प्रतीत होवे कि पेट के तथा नले के बीच अन्न नाली में कोई गोला अटका हुआ है, जिससे परेशानी होवे। ज्यादा चाय, तम्बाकू पीने का कुफल।

फासफोरस (Phosphorous) ३०,२००—

पुराना अजीर्ण, गोरा, लम्बा दुबला पतला आदमी, ज्यादा भूख लगे अथवा भूख नहीं लगे, खट्टी, जली नाना प्रकार की उल्टी होवे। बारबार ठंडे पानी की प्यास, सिर दर्द, चक्कर आना, आंखों में अंधेरी आना, छाती में, पेट में अथवा पीठ में जलन। पानी पेट में पहुंचकर गर्म होते ही उल्टी।

थूजा ३०, थिया ६, मार्क साल ३ (Thuja, Thea or Merc-Sol)—

दीर्घ काल तक चाय पीने के कारण अजीर्ण, सिर दर्द, अनिद्रा, आदि।

हिपर सल्फ (Hepar Sulph) ६,३०—

पुराना अजीर्ण जिसमें खाया पिया पचता नहीं है और अनपच के दस्त हो जाय, दस्तों में खट्टी बदबू। लघुपाच्य भोजन भी नहीं पचे।

अर्जेन्टम नाइट्रेट (Argentum Nitrate) ३०,२००—

चीनी या अधिक मीठा खाने से पेट खराब हो जाय, फिर भी मीठा खाने की इच्छा (सिना); पुराने अजीर्ण के कारण चेहरा सूख जाय—युवक भी वृद्ध सा दीखने लगे। कहीं भी जाने को तैयार होते ही दस्त की हाजत हो जाय (थूजा)। बार बार सशब्द डकारे आवें।

सल्फर (Sulphur) ३०,२००—

पुराना अजीर्ण, सुबह उठते ही दस्त की हाजत के कारण भागते हुये पाखाने जाय। भूख कम लगे प्यास ज्यादा। सुबह ११ बजे के समीप बहुत भूख लगे तथा कमजोरी का अनुभव होवे। पेट में, हाथ पैरों में जलन, सिर के ऊपरी भागों में भी जलन, चमड़ी सूखी-सूखी, खुजली, बिछौना गरम लगे और नींद कम आवे। ठंडी चीजें रुचिकर लगें। ठंडा फर्श सुहावे—परन्तु स्नान करने की इच्छा नहीं हो—अनेक प्रकार के पुराने रोगों में सल्फर काम आती है—चर्म रोग को मलहम आदि बाहरी उपचार से दबा देने के कारण पीड़ा—कुछ लोगों का ऐसा अनुभव है कि प्रातःकाल खाली पेट में सल्फर तथा शाम को नक्स वोमिका कुछ दिन तक लेते रहने से बहुत लाभदायक होती है। चर्म रोग दबाने के कारण अजीर्ण में कोई २ नक्स मस्केटा तथा जिंकम भी लाभदायक बताते हैं, परन्तु इसके लक्षण मिलाकर देना चाहिये।

सिपिया (Sepia) ३०,२००—

यह औषध अधिकतर स्त्रियों के अजीर्ण में ज्यादा लाभदायक होती है। रोगिनी को प्रदर तथा बच्चेदानी आदि की भी पीड़ा हो, जी मिचलावे, भूख नहीं लगे। चेहरे पर पीलापन हो।

नेट्रम म्यूर (Natrum Mur) २००,१ एम—

पुराने मलेरिया के कारण लिवर तथा तिल्ली बढ़ी हुई हो, गर्दन के पास अधिक दुर्बलता अनुभव होवे, सिर दर्द, विमर्ष भाव, कुइनाइन का कुफल आदि के कारण अजीर्ण के साथ रक्तहीनता। अधिक नमक खाने के कारण अजीर्ण।

आइरिस वार्स (Iris Vers) ६,३०—

अजीर्ण के साथ गले से लेकर सारे पेट में तथा गुदा तक अत्यन्त जलन, बारबार जी मिचलावे और मुंह में पानी आवे, सिर दर्द, चक्कर तथा आंखों में अन्धेरी, उबकाई के साथ मुंह में तार जैसे बलगम।

जिन्जीवार (Zingiberis) ६,३०—

ककड़ी तरबूज आदि खाने के कारण अजीर्ण तथा दस्तों में यह दवा ज्यादा लाभदायक होती है। गंदा पानी पीने के कारण पेट खराब।

अब हम सारी बातों को दुहराते हुये अन्य प्रकार से कुछ उपयोगी निर्देश का उल्लेख करते हैं।

बदहजमी के कारण जी मिचलावे, आसानी से उल्टी नहीं होवे परन्तु रोगी उल्टी करने की कोशिश करे और सोचे कि उल्टी हो जाने से आराम होगा : **नक्स वोमिका**

खटाई तथा कच्चे फल खाने के कारण अथवा तेज गर्मी के कारण अजीर्ण, जिसमें जीभ पर सफेद लेप हो : **चायना, एन्टिम क्रुड।**

सड़ी मच्छी, मांस आदि अथवा सड़ा साग खाने के कारण : **कार्बोवेज, आर्स, एलियम सिपा।**

बरफ का पानी, कुलफी आदि खाने के कारण : **आर्सेनिक, पल्स, फासफोरस, बेलिस।**

दूध नहीं पचे, दूध पीने पर अजीर्ण, उल्टी तथा टट्टी : **इथुजा ३०, कैल्क कार्ब ३०।**

बदबूदार डकारें : कार्बोवेज ३०, सल्फर ३०।

छाती में जलन : पल्स, नक्स, कैपसिकम, कार्बोवेज, केलकेरिया कार्ब, आइरिस।

अजीर्ण होते हुये भी अधिक भूख लगे : चायना, सिना, आयोडाम, नेट्रम म्यूर, एनाकार्डियम।

अनपच के साथ खाना ज्यों का त्यो दस्त होकर निकल जावे—गुयेकाम, आलियेन्डर, एलस्टोनिया कन्, फेरममेट।

मन्दाग्नि, भूख बिल्कुल नहीं लगे : चायना, फेरम, केलकेरिया कार्ब, नक्स वाम, पल्सेटिला, चिनिनम आर्स, एन्टिम क्रुड, लाइको। चिनियम आर्स ३×, फेरम आर्स ३×, अरम आर्स ३×, थाइरयडिन ३×, कार्डुयस मेरिनस, तथा हाइड्रासटिस की कुछ ही खुराक जल्द भूख खोलने में फायदा पहुंचाती हैं।

छः वर्ष पुराना एक्जीमा

डा० एम० एल० जयपुरिया (होम्योपेथ व बायोकेमिस्ट) कोटा

नाम रोगी—श्री हुसैना

श्री हुसैना उम्र २५ साल करीब ७ वर्ष पूर्व सुजाक रोग से पीड़ित हुआ था। रोगी ने अपना ऐलोपेथिक उपचार करवा कर रोग से मुक्ति पाई। पर जिस दिन रोगी का सुजाक बन्द हुआ उसके कुछ दिन बाद उसके दाहिने पैर में बहुत खुजली चल कर फफोले से पड़ना शुरू हुआ और उन से पीब भी निकलना शुरू हुआ। यह रोग उसे बारिश में हुआ था। बारिश में हमेशा उसके पैर की यही हालत रहती थी। गरमी व सर्दी में फफोले नहीं पड़ते थे और न उन से पीब ही निकलता था पर उस स्थान पर अत्यन्त खुजली व उस पर से सफेद सफेद भुस्सी सी निकला करती थी। रोगी ने काफी एलोपेथिक इलाज करवाया पर रोग मुक्ति न मिल पाई। वह दिनांक १२–३–५९ को मेरे पास आया मैंने निम्न लक्षण संगृह कर के उपचार शुरू किया। रोगी अब पूर्णतया रोग मुक्ति प्राप्त कर चुका है।

परिचायक लक्षण

एक्जीमा में बहुत खुजली होती थी व मैदा की भाँति सूखी सफेद भुसी की तरह बुकनी के सदृश पदार्थ निकलता था। बरसात में फफोले पड़ते थे व उन से श्वेतवर्ण का लेसदार स्त्राव होता था। खुजलाहट बहुत कष्टकर होती थी। जीभ श्वेत वर्ण के लेप से आवृत थी। रोगी के पाकस्थली में भी गड़बड़ी रहती थी।

उपचार

दिनांक १२ से २०–३–५९ तक केल्केरियाफास ६× २ मात्रा केलीम्यूर ६× २ मात्रा रोजाना पर्यायक्रम से।

खुजली कम होना शुरू हुआ और बुकनी सदृश पदार्थ भी कम ।

दिनांक २१ से ३१–३–५९ तक केलीम्यूर १२× १ मात्रा सुबह, केल्केरियाफास १२× १ मात्रा शाम।

खुजली बिल्कुल बन्द व बुकनी सदृश पदार्थ भी नहीं।

दिनांक १ से ८–४–५९ तक केलीम्यूर ३०× १ मात्रा सुबह, नेट्रम सल्फ ६× १ मात्रा शाम।

रोगी पूर्ण आरोग्य। एक्जीमा के स्थान पर ठीक चमड़ी आचुकी थी। एक्जीमा के स्थान पर काली मिट्टी की पट्टी का भी उपयोग किया गया था। कई बार बारिश वगैरह भी हो चुकी पर किसी प्रकार की तकलीफ अब तक रोगी को नहीं हुई है।

—"With Malice Towards none, with charity for all."

—Abraham Lincoln.

चार वर्ष पुराना गठिया

डा० एम०एल० जयपुरिया, कोटा (होम्योपैथ व बायोकेमिस्ट)

नाम रोगी – श्री गफूर खाँ

श्री गफूर खाँ उम्र ४० साल करीब ४½ वर्ष पूर्व निमोनिया रोग से ग्रसित हुआ था। निमोनिया का रोग इन्जेक्शन व एलोपेथिक उपचार से ठीक होगया था। रोग के बाद की कमजोरी शेष थी कि रोगी ने खान पर पत्थर काटने का कार्य शुरू कर दिया। रोगी इस अवस्था में थकावट की व गरमी के दिनों की कई बारिशों में भीगता हुआ भी अपना कार्य करता रहा। निमोनिया की बीमारी से मुक्ति प्राप्ति के करीब ६ माह बाद रोगी एक दो दिन ज्वर से पीड़ित रहा व उसके गर्दन, पीठ, हाथ पैर, घुटने, सीने आदि स्थानों में पीड़ा होना शुरू हुआ व साथ ही उपरोक्त स्थानों पर सूजन भी दिखाई देने लगी। कुछ दिनों बाद रोगी की अवस्था बहुत चिन्ताजनक होगई उसका उठना बैठना तक मुश्किल हो गया। दर्द के मारे वह बहुत बेचैन होगया था। उसने रोग मुक्ति के लिये कई एलोपेथिक व आयुर्वेदिक उपचार करवाये पर रोग से मुक्ति न मिल पाई। कुछ दिनों के लिये आराम हो जाता था व जब कुछ दिन दवा का प्रयोग बन्द रहता तो रोग का पुनः आक्रमण हो जाता था। अन्तमें दिनांक ४-२-५९ को रोगी मेरे पास चिकित्सार्थ आया। रोगी उपरोक्त उपचारों हेतु करीब १५० रुपये व्यय कर चुका था। मैंने उपरोक्त इतिहास तथा निम्न लक्षण संग्रह करके उपचार शुरू किया। अब रोगी पूर्ण स्वस्थ है।

परिचायक लक्षण

रोगी गठिया वात रोग से पीड़ित था। सारी अँगुलियों के जोड़ों में दर्द, कन्धे में जलन व फटन का दर्द, गर्दन व पीठ का जकड़ापन, घुटने में सूजन व दर्द होता था। रोगी आधी रात से पहले बेचैनी व दर्द के कारण सो नहीं सकता था। रोगी बहुत बेचैन रहता था। करवट बदलने में आराम व चुपके रहने में अधिकता होती थी। जीभ त्रिकोण के रूप में लाल थी। रोगी को प्रथम संचालन से दर्द अधिक मालूम होता था पर क्रमागत संचालन से दर्द में कमी होती थी। रोग सर्दी में बादल की गरज से या बारिश में अधिक हो जाता था। गर्मी से व सेक करने से दर्द में कमी मालूम पड़ती थी।

उपचार

दिनांक ४–२–५९ सल्फर ३० एक मात्रा सुबह ७ बजे।

दिनांक ५ से ८–२–५९ तक रसटाक्स ३० दो मात्रा रोजाना सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

दिनांक ९–२–५९ को एग्रीवेशन शुरू हुआ व १०–२–५९ तक रहा। रोजाना सेकलेक दो मात्रा सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

दिनांक ११ से १५–२–५९ तक रोगी को आराम होता रहा। रोजाना सेकलेक दो मात्रा सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

दिनांक १६–२–५९ को आराम में कमी होने लगी।

दिनांक १७–२–५९ रसटाक्स २०० दो मात्रा सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

दिनांक २० व २४–२–५९ को रसटाक्स २०० दो मात्रा सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

२५ से २८–२–५९ तक कुछ आराम होता रहा अतः रोजाना दो मात्रा सेकलेक सुबह ७ बजे व आम को ७ बजे।

१–३–५९ को आराम होना बन्द हो गया। अब केवल गर्दन व कमर में अकड़न शेष थी। दर्द व सूजन मिट चुकी थी।

२–३–५९ रसटाक्स १००० दो मात्रा सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे।

९–३–५९, १६–३–५९ रोजाना दो मात्रा रसटाक्स १००० सुबह ७ बजे व शाम को ७ बजे। रोगी अब पूर्ण आरोग्य प्राप्त प्रतीत होने लगा।

पूर्ण आरोग्य। उपचार समाप्ति के बाद कई बार बादल की गरज व बारिश हो चुकी पर रोगी को किसी प्रकार के दर्द वगैरह की शिकायत न थी। रोगी अब तक पूर्ण स्वस्थ है।

FOR ALL YOUR REQUIREMENTS OF :—

Spare parts and accessories and tools

FOR

Motor cars, Trucks, Tractors,

Garage Equipments etc.

★

Contact— *Phone* **678**

DELHI MOTORS

Chaura Rasta, JAIPUR, (Rajasthan)

रात के दो बजे की घटना

करीब रात के दो बजे ठंडी हवा चल रही थी, कुछ बूंदा बादी भी हो रही थी। ऐसे समय में नीचे से दरवाजा खट खटाया गया। अचानक खट खटाने की आवाज सुनकर नीचे आया और देखा वह उसी बाजार का गरीब सुनार था। गिड़गिड़ा कर उसने कहा कि उसका लड़का पसली के दर्द से चिल्ला रहा है–और मैं चलकर देखूं।

कपड़े पहन, बाक्स लेकर उसके साथ गया। क्या देखता हूं कि २०–२२ साल का जवान लड़का अपनी छाती दोनों हाथों से दबाए हुए तड़फड़ा रहा है। परीक्षा करने पर १०४° बुखार उसको था। नब्ज तेज थी, मुंह सूखा हुआ था, प्यास ज्यादा लग रही थी, श्वास की सी हालत थी और थी सूखी खांसी भी। उसके दाँई पसली में जोरों का दर्द था।

पूछने पर मालूम हुआ कि शाम को पानी से भीगता हुआ बाहर से आया था उस वक्त हाथ पैर टूट रहे थे और अब बढ़ते २ यह हालत हो गई।

उसको एकोनाईट ६× २–२ घंटे से दिया और ऊपर मीठे तेल से मालिश करने को दिया।

दूसरे दिन सुबह सात बजे यानी करीब पांच घण्टे बाद देखने गया। चाय पी रहा था। उसने बताया कि ३॥ बजे से ६ बजे तक नींद आई और दर्द बहुत कम है।

मालिश करने को आयोडम का तेल और खाने को ब्रयोनिया १२×तीन २ घंटे से दिया।

तीसरे दिन उसकी हालत बहुत सुधर गई लेकिन कमजोरी बहुत ज्यादा महसूस हो रही और सिर्फ खांसते समय पसली का दर्द होता था बाकी सब कुछ ठीक था।

इस पर फास्फोरस ६×दिया ओर यह तीन दिन बराबर दिया।

छटे दिन वह मिलने आया। उसका कहना था कि वो अब बिलकुल ठीक है और वह धन्यवाद देने आया है।

—डा० मोहनलाल शर्मा (रामगंज, अजमेर)

Please remit to-day

Rs. 3/- ANNUAL SUBSCRIPTION

FOR

HOMŒOPATHIC VIKAS

The only Quarterly Magazine Published by an Association

From The Madhya Pradesh

CONSISTS BOTH ENGLISH & HINDI SECTIONS

Price per Copy Re. 1/- only, Annual Rs. 3/- only.

Publishers :—

The Central Homœopathic & Biochemic Association

Chitnis ki goth, LASHKAR (GWALIOR) Madhya Pradesh

होमियोपेथिक सिद्धान्तों की वैज्ञानिकता का सरल समाधान

डा० चन्द्रप्रकाश, न्यू कालोनी, जयपुर (राजस्थान)

जन साधारण साधारणतया स्थूल जगत को ही देखते हैं और दृष्टिगोचर स्थूल वस्तु-जगत से ही सम्बन्ध रखते हैं। परन्तु सूक्ष्म जगत् इस प्रकार स्थूल वस्तु-जगत से ओतप्रोत है कि—चाहे कोई इसके बारे में सचेत हो या नहीं हो—सूक्ष्म जगत की क्रिया अथवा विधि विधान से परिचित हो या नहीं, प्रकृति अपना काम अपने नियमानुसार करती रहती है और पारिपार्श्विक हर एक वस्तु तथा प्राणियों पर उसका प्रभाव रहता है। जन साधारण अपनी दुनियां में इतने मस्त हैं कि उनको सूक्ष्म जगत् के बारे में चिन्ता करने का अवकाश ही नहीं मिलता। चिन्ताशील व्यक्ति इसका भूयोदर्शन, चिन्तन और मनन करते हैं और ज्ञान का अपार आनन्द प्राप्त करते हैं। अगर आप भी ज्ञान का आनन्द प्राप्त करना चाहते हैं तो आप भी भूयोदर्शन करें, चिन्तन, मनन करें। मनुष्य की बुद्धि असीम है परन्तु अनुशीलन सापेक्ष है। यदि—कोई स्वल्प-सन्तुष्ट है तो चेष्टा विहीन हो जाता है—चेष्टा विहीन को लाभ नहीं हो सकता। अगर आप कुछ भी लाभ करना चाहते हैं तो आपको उसके लिये इच्छा करने के साथ साथ उद्यम व चेष्टा भी करनी पड़ेगी, ज्ञान लाभेच्छुकों ज्ञान की इच्छा के साथ उसके लिये चेष्टा भी करनी पड़ेगी। सब चेष्टा ही समय तथा परिश्रम सापेक्ष होती है। ज्ञान की इच्छा, चेष्टा आदि भी अनुशीलन, परिश्रम तथा समय सापेक्ष है।

ज्ञान की अगण्य शाखा प्रशाखा हैं। समयाभाव के कारण हर एक मनुष्य ज्ञान की प्रत्येक शाखा प्रशाखा का अनुशीलन नहीं कर सकता। विशेष विशेष व्यक्ति अपनी अपनी विशेष रुचि और इच्छाओं के अनुसार ज्ञान की विशेष विशेष शाखा का चिन्तन मनन और अनुशीलन करके व्युत्पत्ति लाभ करते हैं। परन्तु ज्ञान की भी हर एक शाखा एक दूसरे से परस्पर विजड़ित है—सृष्टि में कोई भी चीज कोई भी बात सम्पूर्ण स्वतन्त्र विच्छिन्न नहीं है।

साधारण बुद्धिवाला मनुष्य यदि इच्छा करे, इच्छा के साथ आग्रह और चेष्टा करे, तो कोई भी बात को समझ सकता है–चिन्तन मनन के द्वारा किसी भी विषय को समझ सकता है परन्तु व्युत्पत्ति लाभ दीर्घ अनुशीलन सापेक्ष है।

आइये आप और हम मनुष्य शरीर सम्बन्धित जीवन, रोग, रोगशक्ति, शरीर, जीवन और रोग की गति प्रकृति तथा रोग का आरोग्य विधान के विषय में कुछ चिन्तन मनन करें।

किसी भी विशेष विषय को समझने के लिये कम से कम उस विषय से प्रत्यक्षत सम्बन्धित शाखाओं को सर्वथा समग्ररूप से ध्यान में रखनी चाहिये।

मैंने निम्न प्रकार से सम्बन्धित विषय शाखाओं का वर्णन किया है–यह ध्यान में रखना चाहिये। इसके बाद एक एक का विचार अनुसन्धान करके आपसे चिन्तन मनन करने की प्रार्थना करेंगे।

मूल नीतियां :—

(क)	(१) शरीर तत्व	Physical Body	Living Body.
	(२) मानसिक तत्व	Mental Sphere	
	(३) जीवनी शक्ति	Life force or Vital force	
(ख)	(१) रोग तत्व	Disease—differentiation between healthy body and diseased body.	
	(२) रोग के मूल कारण	Basic or root causes, Exciting or external causes. जीवाणुतत्व	
	(३) रोग की प्रकृति	Course of diseases, action and reactions.	
(ग)	(१) प्रकृति के नियम	Laws of nature	
	(२) क्रिया–प्रतिक्रिया	Action and reaction.	
(घ)	(१) आरोग्य नीति	औषध, औषध के गुण, क्रिया, शक्ति, प्रकृति।	
	(२) आरोग्य विधान	औषध प्रयोग विज्ञान तथा कला।	

(ङ) होमियो सिद्धान्त, दर्शन, मूल-मन्त्र

(१) औषध के गुण, क्रिया, शक्ति–सूक्ष्म शक्ति।

(२) समः समं शमयति—Similia Similibus Curanter.

(३) एक ही रोग एक ही औषध।

(४) शक्तिकृत सूक्ष्म औषध की न्यूनतम मात्रा।

(क) (Living Body) जीव शरीर—

मनुष्य अथवा किसी भी प्राणी का मृत देह और जीवित देह में क्या अन्तर है? जीवित शरीर में क्या क्या विशेषतायें हैं जो मृत शरीर में नहीं। देखिये और सोचिये—

कुछ देर पहले जो जीवित था, उसके मृत देह में शरीर के सभी अंश यन्त्र वर्तमान है, किन्तु उसमें प्राण यानी जीवनीशक्ति नहीं जिससे वो स्वक्रिय था, जन्म से अभी तक क्रमवर्द्धमान था, बुद्धि, विचार-शक्ति, मन, शोक, दुख, आनन्द आदि की अनुभूति थी, रोग भी था। अब इसके स्थूल यन्त्र सभी है परन्तु रोग नहीं मन नहीं, बुद्धि नहीं, ज्ञान नहीं, अनुभूति नहीं और इन सबका आधार मूल केन्द्र जीवनीशक्ति नहीं। कुछ रासायनिक प्रणाली से शव को सुसंरक्षित रखा जा सकता है। जिससे हजारों वर्ष तक शव सकल देहांश के साथ रह सकता है। परन्तु मन, बुद्धि, अनुभूति और जीवनीशक्ति केवल अदृश्य शक्ति मात्र हैं, सूक्ष्म जगत के अन्तर्भुक्त है–इनका रूप, रस, स्वाद, गन्ध नहीं है।

अतः यह बात सहज ही सिद्ध हो जाती है कि जीवनीशक्ति के द्वारा ही शरीर मन बुद्धि प्रभावित है और मन, बुद्धि द्वारा ही जीवनी शक्ति प्रभावित हैं। इसी प्रकार रोग भी निराकार है और सूक्ष्म जगत के अन्तर्गत है। जीवनीशक्ति देह के अन्तर्स्थित रहती है और मन बुद्धि के विकार अनुयायी देह में विकार उत्पन्न होते हैं। रोग नामक सूक्ष्म शक्ति जीवनीशक्ति नामक सूक्ष्म शक्ति को पीड़ित करती है और मन, बुद्धि तथा जीवनी शक्ति के विकार के अनुसार देह पर विकार के तरंग प्रतिफलित होते हैं। तब हम उसे रोग कहते हैं। जैसे गीता में मृत शरीर को देह और आत्मा या जीवनीशक्ति को देही कहा है। रोगावस्था में भी देह में कुछ भी विकार होता है तो वो पीड़ा से देह पीड़ित नहीं परन्तु आत्मा या जीवनीशक्ति की अनुभूति ही पीड़ित होती है। अतः यह सिद्ध हुआ कि रोग देह को नहीं परन्तु जीवनीशक्ति पर आक्रमण करता है–जिस प्रकार शोक दुःख की अनुभूति से हास्य रोदन आदि होता है और उसी से मुखावयव पर उसका दैहिक प्रतिफलन भी होता है उसी प्रकार जब मन, बुद्धि, अनुभूति भी अधिक पीड़ित होती है तब उसके साथ साथ देह पर भी उतना ही ज्यादा विकार विकृति उत्पन्न हो जाती है।

शरीर केवलमात्र रासायनागार ही नहीं बल्कि पदार्थ विज्ञानागार भी है। एक उदाहरण बिजली के तार का दिया जा सकता है। जिस तार में बिजली दौड़ती है उसे "लाइव वायर" (Live Wire) कहते हैं और जिसमें बिजली की शक्ति (Current) नहीं दौड़ती वो "ड्रेड वायर" (Dead-Wire) कहलाता है। दोनों तार एक जैसा ही होता है। बिजली की बत्ती, पंखे, मोटर आदि सब सही मौजूद होते हुये भी जब एक तार में बिजली नामक सूक्ष्म शक्ति का तरंग नहीं होगा तब यह सब चीजें निश्चल ही रहेंगी। (Animate-Inanimate) जीव और निर्जीव का वियोगफल सूक्ष्म अदृश्य जीवनी शक्ति ही विशेष है।

पदार्थ विज्ञानी ने अपने बुद्धि के विकास से बिजली रूपी शक्ति को कार्यकारी बनाया है परन्तु इसमें, सभी तरह से प्राकृतिक नियम धर्म को ही मानना पड़ा है। किसी विशेष विधि से बिजली उत्पन्न होती है यह प्राकृतिक नियम है, उसी प्राकृतिक नियम का ज्ञान प्राप्त करने वाले विज्ञानी हैं। यदि प्राकृतिक नियम के विपरीत तरीके से कोई प्रक्रिया की जायगी तो बिजली की शक्ति कार्यकारी नहीं होगी अपितु घातक भी सिद्ध हो सकती है। जैसे कि Positive Negative का गलत संयोग अथवा तार Insulation आदि का गलत प्रयोगों से हो सकता है। इसी भांति वाष्पीय शक्ति जिससे रेल, मोटर आदि चलती है वो भी प्राकृतिक नियमों के अनुसार ही काम करती है।

अतः चिकित्सक को भी देह, रोग, जीवनी शक्ति आदि से सम्बन्धित प्राकृतिक नियम धर्मों का ज्ञान प्राप्त करके उस ज्ञान का सुचारू प्रयोग करना आवश्यक है।

(ख) अब देखिये रोग क्या है, रोग का मूल कारण क्या है, रोग शक्ति और जीवनी शक्ति का नियम धर्म क्या है, जीवाणु तत्व क्या है। जैसे सर्व जगत में दो विपरीत धर्मी शक्तियां होती है। उसी प्रकार जीवनी शक्ति और रोग शक्ति है। उदाहरण स्वरूप हिन्दू शास्त्र में दैवी शक्ति और आसुरी शक्ति, मुस्लिम तथा क्रिश्चियन शास्त्र में दैवी

शक्ति के विरुद्ध शैतानशक्ति को माना है। बिजली विज्ञान में भी पोजीटिव और नैगेटिव दो विपरीत शक्ति का समावेश है। एक शक्ति दैवी शक्ति की तरह कल्याणात्मक, दूसरी ध्वंसात्मक होती है। वे विपरीत शक्ति ही आसुरिक अथवा शैतानशक्ति समझिये। प्राकृतिक नियमानुसार कार्य करते रहने से शैतानशक्ति को आक्रमण करने का सुयोग नहीं मिलता। प्राकृतिक नियम विरुद्ध काम करने से शैतान को सुयोग मिलता है।

जहां तक मनुष्य शरीर का प्रश्न है, आसुरिक शक्ति को जीवनीशक्ति का सुदृढ़ दुर्ग पर आक्रमण करने को छः मार्ग मिलते हैं जिसको कि अपने वेद पुराण में काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मात्सर्य रूपी षड़रिपु कहा है। जीवनीशक्ति समभवतः कल्याणमयी है जिससे मानसिक तथा शारीरिक शान्ति, कान्ति, बुद्धि, विचार-शक्ति, क्रम-वर्द्धमान रहती है, परन्तु संयम के अभाव से काम, क्रोध, लोभ आदि शैतान के प्रलोभन से जब जीवनी शक्ति रूपी दुर्ग के छैः द्वारों का पहरा शिथिल पड़ जाता है तभी षड़रिपु रूपी शैतान जीवनीशक्ति के मन-देह रूपी दुर्ग को आक्रमण करने का सुयोग पा जाता है।

इसी सिद्धान्त से अनुसार महर्षि महात्मा हैनीमैन ने कुमनन कुचिन्तन को रोग का आदि मूल कारण सिद्ध किया है। कुमनन कुचिन्तन आदि संयम के अभाव (mental itch) से मन में जो विकार उत्पन्न होते हैं वे ही जीव शरीर पर रोग रूप में प्रतिफलित होते हैं। समग्र जीव शरीर नाना प्रकार के असंख्य जीवाणु कोषों का समष्टि मात्र ही है काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मात्सर्य आदि से प्रभावित मन जीवनीशक्ति को क्रमशः दुर्बल करता है और जीवनीशक्ति जब अपनी पूरी कल्याणकारी चेष्टा से भी मानसिक विकारों को परास्त नहीं कर पाती तभी क्रमशः शरीरस्थ जीवाणु कोषों में भी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। इस सिद्धान्त को एलोपैथी वाले भी Psychosomatic disorder के रूप में स्वीकार करते हैं। यही विकार क्रमशः स्थूल देहस्थ यांत्रिक विकार भी उत्पन्न करते हैं, और यह विकार जब बहुत बढ़ जाते हैं तब जीवाणु कोषों का परिवर्तन रासायनागारिक (Pathologist) के अनुवीक्षण यंत्र में विकृत अथवा अवांछित कीटाणु बीजाणु के रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। अतः यह सिद्ध होता है कि रोग जीवाणु रोग का कारण नहीं बल्कि परिणामरूप है।

हैनीमैन ने इस मानसिक कण्डुयन (कुचिन्तन कुमनन—mental itching) को सोरा–(Psora) नाम से परिचित करवाया है और इसी मानसिक कण्डुयन अथवा सोरा को सर्व रोग का मूल कारण सिद्ध किया है। इसी (Psora) सोरा का प्रतिफलन शरीर पर शारीरिक कण्डुयन के रूप में होता है जिसको हम खुजली, दाद, दिनाई, फुन्सी, एक्जीमा, कुष्ठ आदि कहते हैं।

(ग) प्रकृति के नियम—(क्रिया प्रतिक्रिया)—मनुष्य की विशाल बुद्धि प्राकृतिक नियमों का रहस्योद्घाटन कर सकती है, करती रही है, और करती रहेगी परन्तु किसी प्रकार की सृष्टि या वस्तु उत्पादन न तो आज तक कर सकी और न कभी भविष्य में ही करने की कोई संभावना है। अभी तक जो कुछ भी वैज्ञानिक यंत्रों का—रेल, हवाई जहाज,

मोटर, रेडियो, सिनेमा आदि का बोलबाला दीखता है वह कोई सृष्टि नहीं परन्तु प्राकृतिक नियमों का आविष्कार तथा उनका नियमानुसार प्राकृतिक पदार्थ शक्तियों का उपयोगी प्रयोग मात्र है। प्रकृति के गर्भ निहित सम्भावनाओं का स्थूल रूप है। सूर्य्य स्थिर है पृथ्वी घूर्णायमान है। दिन, रात तथा शीत, ग्रीष्म, बर्षादि ऋतु पहले भी होते थे अब भी उसी भांति होते हैं परन्तु मनुष्य बुद्धि अब चिन्तन, मनन अनुसंधान के द्वारा इनके पीछे जो प्राकृतिक नियमों का अज्ञात रहस्य था उसका आविष्कार करके वैज्ञानिक बना। इसी भांति वृक्ष से फल पहले भी नीचे गिरता था आज भी गिरता है परन्तु न्यूटन के पूर्व इसका प्राकृतिक नियमों का अन्तर्निहित कारण पता न था। उन्होंने प्रकृति का माध्याकर्षण शक्ति (Law of gravitation) का पता लगाया और मनुष्य के वैज्ञानिक ज्ञान की वृद्धि हुई और इन सत्य सिद्धान्तों के आधार पर और भी बहुत प्राकृतिक नियमों के रहस्यों का आविष्कार, उद्घाटन सम्भव हुआ। वाष्पीय शक्ति में रेल इंजिन की सम्भावना छिपी हुई थी वैज्ञानिक जार्ज स्टीफैनसन ने इसे प्रत्यक्ष रूप दिया।

हरेक शास्त्र शाखा के तत्वविद्, रासायनिक, पदार्थ विज्ञानी, ज्योतिर्विद् सभी प्रत्येक वस्तु की क्रिया के साथ साथ प्राकृतिक नियमानुसार उसकी प्रतिक्रिया को भी मानते हैं। हर एक वस्तु में, चाहे जड़ हो चाहे चेतन, असीम शक्तियां और सम्भावनाएं निहित हैं। और प्रत्येक वस्तुओं की क्रिया और प्रतिक्रिया भी है। शीघ्र क्रिया और विलम्बित प्रतिक्रिया भी है। आइन्सटाइन ने यह भी सिद्ध कर दिया कि प्राकृतिक नियमानुसार (Law of relativity) सापेक्षवाद के सिद्धान्त के अनुसार प्रत्येक सूक्ष्मातिसूक्ष्म वस्तु में अनन्त असीम विकिरण शक्ति प्रच्छन्न है और इन शक्तियों का बहुधा कल्याणकर तथा ध्वंसात्मक प्रयोग भी सम्भव है। हमारे विषयानुसार हमें यह देखना है कि मनुष्य शरीर तथा रोग सम्बन्धित प्राकृतिक नियम क्या है ? और प्राकृतिक नियमानुसार ही हम वस्तु जगत की विभिन्न शक्तियों को किस प्रकार कल्याणकर, आरोग्यकर रूप में प्रयोग या उपयोग कर सकते हैं।

आगे प्रचलित औषधि प्रयोगों का विचार विवेचन करेंगे और प्राकृतिक नियमानुसार उचित प्रयोग निर्णय करना उचित होगा।

सर्व साधारण की विचार बुद्धि एक जैसी नहीं होती है, कुछ भ्रम, कुछ सन्देह, कुछ स्वार्थ, कुछ अहमिका और कुछ स्वाभाविक बुद्धिहीनता के कारण सब एक जैसे नहीं सोच सकते, नहीं देख सकते, नहीं समझ सकते। सूक्ष्म जगत तथा स्थूल जगत अथवा जड़ और शक्ति इतनी ज्यादा ओतप्रोत है कि स्थूल दृष्टि से अदृश्य शक्ति दृष्टिगोचर ही नहीं होती, बुद्धिगोचर होना भी प्रयास साध्य होता है। जगतगुरू शंकराचार्य्य ने जब दिग्विजय की, तब बड़े बड़े पंडितों को भी इतनी मामूली बात भी समझ में न आती थी कि देह और आत्मा एक नहीं। उनको समझाने के लिये साधारण उदाहरण का सहारा लेना पड़ा था जैसे कि मेरा शरीर अथवा हाथ या कोई भी शरीरांश, शरीरांश मात्र ही है, मैं नहीं। इसी भांति मिट्टी के बने हुये खिलौने के घोड़े, चिड़िया, आदि, हाथी, घोड़े, चिड़िया नहीं होते

मिट्टी ही होती है। आकृतिगत रूप हाथी का हो सकता है परन्तु वास्तव में मिट्टी ही होती है, यह दृष्टिभ्रम तथा बुद्धिविभ्रम के दृष्टांत हैं।

(घ) आरोग्य नीति, आरोग्य विधान, औषध, औषध के गुण, धर्म, क्रिया, शक्ति, प्रकृति।

मनुष्य शरीर के अथवा शरीर तथा मन के विकार को रोग कहते हैं रोग के उपचार कई प्रकार से होते हैं जिसमें मुख्य हैं औषधियां। उद्भिदज, खनिज, जान्तव, रोगज कई प्रकार की वस्तु सामग्री को औषध के रूप में उपयोग किया जाता है इससे विभिन्न वस्तु के विभिन्न गुण और उनका प्राणीशरीर पर प्रभाव सहजमान्य है। परन्तु इन वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा आरोग्यदायक प्रयोग का वैज्ञानिक सिद्धान्त क्या है यही हमारा विचार्य विषय है।

पदार्थ विज्ञानियों ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रत्येक वस्तु में अनन्त शक्ति निहित है और उसका कितना भी सूक्ष्मातिसूक्ष्म विभाजन किया जाय द्रव्य का गुण धर्म विद्यमान रहता है तथा परमाणु जितना सूक्ष्म होगा उसकी क्रिया शक्ति उतनी ही तीव्र तथा सुदूर प्रसारित होगी। औषधि जब काम में लाई जाय तो अपने को उसके गुण धर्म और क्रिया से ही तात्पर्य होता है न कि उसके परिमाण या वजन से। लौह एक धातु है मनभर का लौह खन्ड भी लौह ही है और उसके बुरादे की एक कण भी लौह ही है। जब तक चर्मचक्षु से अथवा अनुवीक्षण यंत्र से लौह कण दृष्टिगोचर होगा तब तक उसको लौहांश मानने में किसी को कोई आपत्ति नहीं तो फिर क्या उसका और भी सूक्ष्म विभाजन होने पर केवल दृष्टिशक्ति बहिर्भूत होने से ही उसका अस्तित्व अस्वीकार करेंगे ?

मनुष्य शरीर पर औषध रूप में प्रयोग के लिये केवल उसके गुणधर्म की आवश्यकता है उसके स्थूल वजन अथवा गुरुत्व का प्रयोजन नहीं।

गणित के सिद्धान्त के अनुसार—The quantity of action necessary to effect any change in nature is the least possible अथवा जैसे कि फिन्की (Fincke) ने कहा है :—"The decisive amount is always a minimum and infinitesimal", अर्थात् **प्राकृतिक नियमों के अनुसार सूक्ष्माति-सूक्ष्म ही प्रतिक्रिया के लिए पर्याप्त है। आरोग्यनीति में प्रकृति के इस नियम का रहस्योद्घाटन कर औषधि प्रयोग का सूक्ष्म विधान निर्णय करने का श्रेय महात्मा हैनीमैन को है। सूक्ष्म जीवनीशक्ति जब पीडाग्रस्त होती है तो उसके पीडा के लक्षणानुसार औषधि जगत में से समलक्षण उत्पादनकारी वस्तु का सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रयोग ही जीवनीशक्ति को प्रयोजनानुसार तरंगायित कर आरोग्य शृंखला स्थापित करने के लिये पर्याप्त है।** यानी लौह, स्वर्ण, मिट्टी, चूना, सर्पविष, अफीम, विभिन्न लता गुल्म आदि का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अंश जीवनीशक्ति अथवा जीव शरीर या मन पर कैसी तरंग उत्पन्न करती है अथवा लक्षण उत्पन्न करती है इसका निर्णय पहले कर लिया जाता है और रोगग्रस्त मन, शरीर पर जैसे लक्षण पाये जाते हैं वैसे ही लक्षणोत्पादक औषधी का

प्रयोग होमियोपैथी अथवा समविधान पंथा है। समप्रकार तरंग उत्पादक शक्ति जीवनीशक्ति को आवश्यक सहायता देकर सामूहिक रूप से आरोग्य शृंखला स्थापित कर देती है। यही होमियोपैथी का मूल सिद्धान्त है तथा एक मात्र, प्राकृतिक, वैज्ञानिक, सत्य सिद्धान्त है।

अब हम होमियोपैथिक औषध प्रस्तुत, संरक्षण तथा प्रयोगप्रणाली का वर्णन करेंगे परन्तु उससे पहले प्रचलित और चिकित्सा का तुलनात्मक विवेचन भी करेंगे।

प्रचलित पद्धतियां भी अनेक हैं जिसमें हम मुख्यतः ऐलोपैथिक, शल्यचिकित्सा और आयुर्वेदिक प्रणालियों का ही विचार करेंगे। इन सभी पद्धतियों से कुछ कुछ आरोग्य अथवा सामयिक या आंशिक आरोग्य आदि देखा जाता है।

परन्तु अधिकांश क्षेत्रों में इन पद्धतियों के द्वारा अधिकांश रोगों का आरोग्य असाध्य या असम्भव भी मान लिया गया है जैसे—टानसिल, मोतियाबिन्द, ट्यूमर, हरनिया, श्वांस, एक्जीमा, पुराना जुखाम, पुराना अर्जीण, मधुमेह, प्रमेह, केन्सर, प्रदर, पुराना मलेरिया, अर्श, पथरी, भगन्दर, नासूर, कुष्ठ, उन्माद आदि आदि। जिस किसी क्षेत्र में उक्त पद्धतियों से आरोग्य प्रतीत होता है उनमें या तो (१) अनजान में ही औषधि का प्राकृतिक नियमानुसार समनीति से प्रतीत हो गया, अथवा (२) रोग मूल बहुत गहरा न होने के कारण कुछ आंशिक समनीति से औषधि प्रयोग हुआ और कुछ जीवनीशक्ति समय तथा आंशिक सहारा पाकर अपनी स्वाभाविक आरोग्य प्रचेष्टा से आरोग्य प्राप्त कर लिया।

कितने ही दृष्टान्त ऐसे मिलेंगे जहां तरुण रोग में बिना किसी औषधि उपचार के साधारण स्वास्थ्य नियम पालन से ही रोग ठीक हो जाता है, कारण जीवनीशक्ति सहज ही आरोग्यमुखी प्रचेष्टा करती रहती है। जहां विसदृश औषध प्रयोग होता है वहां जीवनीशक्ति को सहारा या लाभ के बजाय हानि पहुंचती है और रोगमुक्ति के बजाय रोग लक्षण सामुहिक रूप से दबते जाते हैं अथवा और भी अर्न्तमुखी होकर बीमारी क्रमशः प्राचीन और असाध्य बन जाती है। इसके कई प्रकृष्ट उदाहरण दिये जा सकते हैं। सरल उदाहरण के रूप में हम प्राचीन मलेरिया, बात, श्वास, प्रदर, सिरदर्द आदि की समालोचना करते हैं।

आजकल मलेरिया में साधारणतया सभी कुइनाइन प्रयोग करतें हैं, जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक नियमानुसार सदैव कुइनाइन का समनीति अनुसार (होमियोपैथिक) प्रयोग हो जाता है वहाँ निर्मल और स्थायी आरोग्य भी हो जाता है परन्तु जहां मलेरिया में कुइनाइन के लक्षण नहीं होते वहां कुइनाइन आंशिक समनीति के अनुसार केवल मात्र आंशिक रूप से ही ज्वर मात्र को दबा देती है परन्तु रोगी आरोग्य नहीं होता क्योंकि जीवनीशक्ति को समनीति के अनुसार सहारा मिलने के बजाय विसदृश प्रयोग मिलने से और भी विकलता पहुंचती है जिसके फलस्वरूप रोगी को ज्वर मुक्ति होने पर भी कमजोरी, सिरदर्द, अजीर्ण, कोष्ठबद्ध, उदरामय, रक्तहीनता, कर्णध्वनि, दृष्टि-ह्रास आदि सताते रहते हैं। जिन क्षेत्र में कुइनाइन का प्रयोग आंशिक रूप से भी समनीति अनुसार नहीं हो पाता वहां कुइनाइन से कतई कोई लाभ नहीं होता परन्तु ज्वरादि उपसर्ग अन्तर्मुखी होकर शरीर तथा मन को

और भी दुर्बल बना देता है, ज्वर भी पुनः पुनः होता रहता है और रोगी क्रमशः टी०बी० या क्षयरोग ग्रस्त हो जाता है। अनुसंधान करने पर कम से कम पचास प्रतिशत यक्ष्मा रोगियों में मलेरिया तथा कुइनाइन का बहुधा अपप्रयोग की इतिहास मिलेगी।

जिन क्षेत्रों में अनजान में भी कुइनाइन का समलक्षण अनुसार प्राकृतिक नीति में प्रयोग होकर ज्वर आरोग्य हो जाता है उन क्षेत्र में भी कुइनाइन की मात्राधिकता के कारण जीवनीशक्ति कुछ न कुछ किलष्ट होती है और कुइनाइन की स्थूल मात्रा की गर्मी दूर होने में समय लग जाता है। जिस क्षेत्र में कुइनाइन ही समलक्षण अनुसार निर्दिष्ट हो उस क्षेत्र में पुनः पुनः ५ या १० ग्रेन की गोली अथवा इन्जैक्शन की आवश्यकता नहीं, परन्तु एक ग्रेन का लक्षांश ही आरोग्यशील प्रतिक्रिया उत्पादन में पर्याप्त होगा। पूर्वोक्त गाणितिक सिद्धान्त अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म मात्रा ही स्थाई आरोग्यकर कार्य कर लेती है और किसी प्रकार की गर्मी अथवा विषक्रिया (Toxic effects) अवशेष नहीं रहती।

(ङ) होमियोपैथी के सिद्धान्तानुसार यही स्वतःसिद्ध अथवा युक्तिसिद्ध अकाट्य प्राकृतिक नियम है कि :—

१. समः समं शमयति—अर्थात् समान शक्तिशाली अथवा समधर्मी औषध ही समधर्मी रोग को शान्त कर सकती है।

२. सूक्ष्मातिसूक्ष्म मात्रा ही पर्याप्त तथा दीर्घ क्रियाशील होती है। अर्थात् स्थूल मात्रा में अथवा पुनः पुनः औषधी प्रयोग की आवश्यकता नहीं।

३. एक मनुष्य शरीर एक साथ एक ही रोग से पीड़ित होता है न कि अनेक, परन्तु दृष्टि विभ्रम तथा विचार विभ्रम के कारण स्थूलवादी ऐलोपेथ अथवा साधारण मनुष्य एक ही रोगी के विभिन्न अंगों में विभिन्न पीडा अथवा विभिन्न लक्षणों को भिन्न भिन्न रोग समझते हैं और भिन्न भिन्न उपचार की व्यर्थ चेष्टा करते रहते हैं। एक ही जीवनीशक्ति के अधीन एक जीवदेह में कदापि दो रोग नहीं रह सकते परन्तु एक ही रोग अपने सहस्त्रबाहु राक्षसी रूप से असंख्य लक्षण उत्पन्न करता है। रोगलक्षण प्रकृति के संकेत हैं—पीड़ित जीवनीशक्ति की पुकार है कि उसे उन लक्षणों को शान्त करने वाली औषधियों का सहारा मिले।

प्राकृतिक नियमों की अथवा रोगधर्म की अथवा औषध के गुण धर्म की अज्ञानता के कारण ऐलोपैथ उसी रोगी को उसी वक्त एक साथ सिर दर्द नाशक विषैली गोलियां तथा हाजमा के लिये और कोई गोली, कोष्ठबद्ध के लिये अन्य कोई उपचार, ज्वर के लिये और कुछ, फोड़े फुन्सी आदि के लिये और भी अन्य कुछ व्यवस्था करते रहते हैं और किसी वस्तु से भी सन्तोषजनक फल लाभ न होने के कारण पुनः पुनः व्यवस्था बदलते भी रहते हैं। क्रमशः या तो (१) समय पाकर आरोग्यशील जीवनी शक्ति इन विषाक्त औषधों के उपरान्त भी विजयी होकर रोग मुक्ति प्राप्त कर लेती है अथवा (२) पुनः पुनः स्थूल औषधियों के कारण कुछ लक्षण दब जाते हैं कुछ और नये लक्षण उत्पन्न होते है और रोगी तथा चिकित्सक दोनों को चकमा देते हुए रोगान्तर प्राप्त होते रहते हैं और क्रमशः रोग अन्तर्मुखी होकर

पुरातन तथा असाध्य बन जाता है, अथवा (३) अचानक जीवनीशक्ति के ह्रास हो जाने के कारण अचानक प्राण वायु दुर्बल असाध्य शरीर को छोड़कर चिकित्सकों के अत्याचार से मुक्ति पा लेती है।

एलोपैथी के इस पुनः पुनः बहुधा औषधि प्रयोग का भ्रामात्मक दृष्टिकोण का एक मात्र यही कारण है कि वो न तो रोगधर्म को ही समझते हैं और न औषध के ही बहुमुखी दीर्घ-क्रिय गुणधर्म या प्रतिक्रिया को ही समझते हैं। वो इस बात को मान ही नहीं सकते हैं कि एक ही औषध हजारों लक्षण उत्पादन कर सकती है अथवा विभिन्न रोग लक्षणों को एकाकी निर्मूल कर सकती है। इसका कारण उनकी शिक्षा पद्धति में सम्यक् सूक्ष्म पर्यवेक्षण का अभाव है।

परन्तु अनेकों एलोपैथ चिकित्सकों ने जब होमियोपैथिक सिद्धान्तों का अध्ययन, चिन्तन, मनन किया और इसकी प्राकृतिक वैज्ञानिकता को समझे तब तत्क्षणात् एलोपैथी छोड़कर होमियोपैथ बन गये और आज यदि कोई होमियोपैथीक के प्राकृतिक तथा वैज्ञानिक सत्य सिद्धान्तों को समझे तो वो अवश्य ही इसको स्वीकार करने को वाध्य होंगे।

